# इरेडा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए नीपको को तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता प्रदान करेगा; समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



2 अक्टूबर,2021, नई दिल्ली

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने और फंड जुटाने में अपनी तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (नीपको) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। दोनों कंपनियां क्रमशः नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और विद्युत मंत्रालय के तहत सार्वजनिक प्रतिष्ठान हैं।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास और नीपको के सीएमडी श्री विनोद कुमार सिंह ने इस एमओयू पर इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, इरेडा के सीएफओ डॉ. आर. सी. शर्मा, नीपको के निदेशक (कार्मिक), श्री अनिल कुमार, एवं नीपको के निदेशक (तकनीकी), श्री हेमंत कुमार डेका और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किए।

इस एमओयू के तहत, इरेडा नीपको के लिए अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण परियोजनाओं के तकनीकी-वित्तीय ड्यू डेलिजेंस का कार्य करेगा। इरेडा अगले 5 वर्षों के दौरान अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण और हासिल करने के लिए एक कार्य योजना विकसित करने के लिए नीपको की सहायता करेगा। इरेडा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत ई एंड एस मानकों के अनुसार आरई परियोजनाओं के पर्यावरण और सामाजिक (ई एंड एस) ड्यू डेलिजेंस के लिए नीपको को अपनी तकनीकी-वाणिज्यिक विशेषज्ञता भी प्रदान करेगा।

इरेडा के सीएमडी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षरित करते हुए कहा कि : "यह समझौता ज्ञापन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी दवारा पेरिस में की गई प्रतिबद्धता के अनुरूप वर्ष 2030 तक अपने कार्बन

उत्सर्जन को 33% तक कम करने का भारत  सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देने में सपोर्ट करेगा। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके,  इरेडा अक्षय ऊर्जा विकास पर आगे की प्रगति को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन के निराकरण के लिए नीपको के साथ मिलकर काम करना और समन्वय करना जारी रखेगा। इरेडा और नीपको साथ मिलकर भारत में ऊर्जा के परिवर्तन के लाभ के लिए अत्यधिक योगदान दे सकते हैं।"

नीपको के साथ समझौता ज्ञापन करना, एक वर्ष के अंतर्गत इरेडा दवारा हस्ताक्षरित चौथा समझौता ज्ञापन है | इससे पहले, इरेडा ने एसजेवीएन, एनएचपीसी और टैंजेडको के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षरित किए हैं । कंपनी अक्षय उर्जा क्षेत्र के विकास के लिए अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के साथ ही साथ निजी संगठनों के लिए भी अपनी परामर्श और सलाहकार सेवाएं प्रदान करने की उम्मीद कर रही है।

